ईरान में युद्ध शुरू होने के बाद से अमेरिका ने 81 मिलिट्री एयरक्राफ्ट और ड्रोन खोए

रिपोर्ट में खुलासा: ईरान से जंग में अमेरिका को 31,943 करोड़ रुपए का भारी नुकसान

● वाशिंगटन / राज न्यूज नेटवर्क

यूएस राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के लिए ईरान युद्ध पीछा नहीं छोड़ रहा है, जबकि ट्रम्प को लगा था कि वो इजराइल के ईरान को मिटा देंगे। इस जंग में यूएस को करीब 31,943 करोड़ यानी 3.3 अरब डॉलर के 81 सैन्य विमानों की तबाही के रूप में बड़ा नुकसान उठाना पड़ा है। ईरान की ओर से की गई जवाबी कार्रवाई में यूएस को 12 एफ-15ई जेट और 45 एमक्यू-9 ड्रोन समेत 81 मिलिट्री एयरक्राफ्ट ढेर हो गए। कांग्रेसनल रिसर्च सर्विस की एक नई रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल की शुरुआत में ईरान में युद्ध शुरू होने के बाद से अमेरिका ने कम से कम 81 मिलिट्री एयरक्राफ्ट और ड्रोन खो दिए हैं। इस नुकसान की कुल कीमत लगभग 3.3 अरब डॉलर है।इसमें अमेरिका के कुछ सबसे एडवांस्ड युद्धक विमान शामिल हैं, जैसे एफ-35ए लाइटनिंग-2 स्टील्थ फाइटर, एफ-15 जेट और एमक्यू-9 रीपर ड्रोन। रिपोर्ट में कहा गया है कि हर एफ-15 जेट की कीमत 3 करोड़ डॉलर से ज़्यादा है, जबकि 45 एमक्यू-9 रीपर ड्रोन में से हर एक की कीमत 3 से 5 करोड़ डॉलर के बीच होने का अनुमान है। यूएस के सबसे एडवांस्ड युद्धक विमानों में से एक, पांचवीं पीढ़ी के एफ-35ए की कीमत 9.2 करोड़ डॉलर से ज्यादा है।

ईरान के खिलाफ जंग को ऑपरेशन एपिक फ्यूरी नाम दिया गया था। रिपोर्ट के अनुसार, मिडिल ईस्ट में मिशन के दौरान अमेरिकी सेना ने 12 एफ-15ई एयरक्राफ्ट, एक स्न-35ए लाइटनिंग -2 फाइटर एयरक्राफ्ट, दो ए-10 थंडरबोल्ट-2 ग्राउंड-अटैक एयरक्राफ्ट और सात केसी-135 स्ट्रैटोटैंकर एरियल रीफ्यूलिंग एयरक्राफ्ट खो दिए। रिपोर्ट से पता चला कि 2 मार्च को कुवैत के ऊपर फ्रेंडली फायर में तीन एफ-15 जेट मार गिराए गए थे, और अगले महीने ईरान के ऊपर एक और जेट मार गिराया गया था। 9 और 10 सितंबर को जॉर्डन के मुवाफ़क साल्टी एयर बेस पर ईरान के हवाई हमलों के दौरान कम से कम आठ अन्य एफ-15ई विमानों को भी मामूली नुकसान पहुंचा।

45 एमक्यू-9 रीपर मल्टी-रोल अनक्रूड विमान भी खो दिए

सेना ने एक ई-3 सेंट्री एयरबोर्न अर्ली वॉर्निंग-एंड-कंट्रोल सिस्टम विमान, दो एमसी-130जे कमांडो-2 स्पेशल ऑपरेशन्स विमान, एक एचएच-60 डब्ल्यू जॉली ग्रीन-2 कॉम्बैट सर्च-एंड-रेस्क्यू हेलीकॉप्टर, एक एमक्यू-4सी ट्राइटन हाई-ऑल्टिट्यूड लॉन्ग-एंड्योरेंस अनक्रूड विमान, तीन एमक्यू-1 मल्टी-रोल अनक्रूड विमान और 45 एमक्यू-9 रीपर मल्टी-रोल अनक्रूड विमान भी खो दिए। ई-3 सेंट्री सर्विलांस प्लेन - जो बोइंग 707 एयरलाइनर पर आधारित एक पुराना लेकिन ज़रूरी प्लेटफॉर्म है - की कीमत 27 करोड़ डॉलर प्रति विमान है।

व्हाइट हाउस व पेंटागन ने साधी चुप्पी

लड़ाई के दौरान, यूएस ने एक एएच-64 अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर, चार एएच-6 लिटिल बर्ड लाइट अटैक हेलीकॉप्टर और एक एमएच-60 सी हॉक मैरीटाइम हेलीकॉप्टर भी खो दिया। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि यह आंकड़ा बदल सकता है। मरम्मत के बाद कुछ क्षतिग्रस्त विमान सेवा में वापस आ सकते हैं। ईरान में अमेरिकी सेना द्वारा इस्तेमाल किए गए हथियारों की लागत भी एक महीने से कुछ ज़्यादा समय में 6 अरब डॉलर से ज़्यादा बढ़ गई है। कांग्रेस के बजट कार्यालय की नवीनतम रिपोर्ट में बताई गई 21.7 अरब डॉलर की लागत से बढ़कर अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुमान में यह 28.1 अरब डॉलर हो गई है। व्हाइट हाउस और पेंटागन ने अभी तक इन रिपोर्टों पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

यूक्रेन के 12 क्षेत्रों पर रूसी मिसाइल व ड्रोन हमला, 4 बच्चों समेत 24 की मौत

60 घायल, जवाब में रूसी तेल ठिकानों पर यूक्रेन ने किए हमले

● कीव / राज न्यूज नेटवर्क

रूस ने बुधवार तड़के कीव और यूक्रेन के करीब एक दर्जन दूसरे इलाकों पर 70 मिसाइलों और 130 ड्रोन की बौछार कर दी। हमले में कम से कम 24 आम लोग मारे गए, जिनमें चार बच्चे हैं, और करीब 60 घायल हुए। यूक्रेन को हमले की आशंका थी, फिर भी वह इसे पूरी तरह रोक नहीं सका। जवाब में उसने रूस के तेल ठिकानों पर हमले किए। सबसे बड़ा नुकसान उत्तरी चेर्निहीव इलाके के प्रिलुकी शहर में हुआ।

गृह मंत्री इहोर व्यहिवस्की के मुताबिक यहां एक 5 मंजिला अपार्टमेंट इमारत तबाह हो गई, जिसमें चार बच्चो सहित 18 लोगों की जान गई और करीब 55 घायल हुए। पोल्टावा इलाके के क्रेमेनचुक में दो लोग मारे गए और सात घायल हुए, वहां बचाव अभियान जारी है. राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि कीव समेत तीन अन्य शहरों में भी मौतें हुईं।

जेलेंस्की ने एक दिन पहले ही चेतावनी दी थी कि खुफिया एजेंसियों के मुताबिक रूस बड़े हमले की तैयारी में है। हमला रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के 74वें जन्मदिन पर हुआ। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर लिखा कि रूसी दर्द देने वाला वार करना चाहते थे। क्रेमेनचुक के क्षेत्रीय सैन्य प्रशासन प्रमुख विताली दियाकिवनिच ने कहा कि दुश्मन चाहता है कि लोग सोने से डरें, बच्चों को नजरों से दूर न होने दें और कोई योजना न बनाएं।

पैट्रियट मिसाइलों की कमी

यूक्रेन के लिए रूस की बैलिस्टिक मिसाइलें सबसे बड़ी चुनौती हैं। अमेरिका में बने पैट्रियट सिस्टम के लिए गोला बारूद न होने से वह इन्हें रोक नहीं पाता। ईरान युद्ध की वजह से पैट्रियट मिसाइलों की कमी है और यूक्रेन दुनिया भर में इन्हें खोज रहा है। जेलेंस्की के मुताबिक एयर डिफेंस पैकेज अब बेहद जरूरी हैं। ऊंचाई पर उड़ने वाले रूस के नए जेट ड्रोन को पकड़ने के लिए यूक्रेन नए इंटरसेप्टर बनाने में जुटा है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने मिसाइल और ड्रोन बनाने और रखने वाले औद्योगिक ठिकानों को निशाना बनाया। दक्षिणी ओडेसा इलाके में बंदरगाह, जहाज मरम्मत केंद्र और यूक्रेनी सेना का माल ले जा रहे जहाज भी निशाने पर थे। जवाब में यूक्रेन ने रूस के पर्म, समारा और अस्त्राखान इलाकों में दो तेल ठिकानों और एक ट्रेनिंग ग्राउंड पर लंबी दूरी के ड्रोन और मिसाइल दागे, जेलेंस्की ने बताया. रूसी अधिकारियों ने तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की।

वुसिक बोले, पीएम मोदी ने भारत को नई ऊंचाई दी

नई दिल्ली, आरएनएन। सर्बिया के पूर्व राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को ऊंचाइयों तक पहुंचाया है और उसे वैश्विक मंच पर एक बड़ी ताकत बनाया है। फिर भी उन्हें कमजोर करने की कोशिशें की जा रही हैं। बुधवार को वुसिक के एक पॉडकास्ट का क्लिप वायरल हुआ। ऐसा तब हुआ जब पीएम मोदी सार्वजनिक जीवन के 25 साल पूरे कर रहे थे। अलेक्जेंडर वुसिक ने पिछले महीने संसदीय चुनाव लड़ने के लिए सर्बिया के राष्ट्रपति पद से इस्तीफा दिया था। उन्होंने नेताओं को कमजोर करने की वैश्विक प्रवृत्ति की ओर इशारा किया। पीएम मोदी का खास तौर पर जिक्र करते हुए वुसिक ने कहा कि उन्होंने भारत को एक बड़ी वैश्विक ताकत बनाया और बहुत बड़े काम किए।

सिंह ने एनएचपीसी सीवीओ का अतिरिक्त काम संभाला

● फरीदाबाद / राज न्यूज नेटवर्क

राजेश कुमार सिंह, आईआरएसएस (2002) ने मंगलवार को एनएचपीसी लि. भारत की अग्रणी जलविद्युत कंपनी एवं भारत सरकार का एक नवरत्न उद्यम, के मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) का अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण किया। सिंह को सीवीओ, एनएचपीसी का अतिरिक्त कार्यभार पदभार ग्रहण करने की तिथि से छह माह की अवधि के लिए अथवा नियमित सीवीओ की नियुक्ति होने तक अथवा अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, सौंपा गया है।

राजेश कुमार सिंह वर्तमान में पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन में सीवीओ के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने आईआईटी रुड़की से इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन में बी.टेक. तथा आईआईटी (बीएचयू), वाराणसी से कम्युनिकेशन सिस्टम्स में एम.टेक. किया है। उन्होंने सिंगापुर, मलेशिया और चीन में सीनियर लीडरशिप प्रोग्राम भी पूरा किया है।

भारतीय रेलवे में 24 वर्षों से अधिक के अनुभव के दौरान सिंह ने कई अहम पदों पर कार्य किया है। इनमें पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी मंडल में अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) तथा मॉडर्न कोच फैक्ट्री, रायबरेली में मुख्य सामग्री प्रबंधक का पद शामिल है, जहाँ वे खरीद संबंधी कार्यों की देखरेख के लिए जिम्मेदार रहे।

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, आंचलिक कार्यालय 4, छोटी खजरानी मालव परिसर, ए.बी. रोड, इंदौर- 452008

सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी
[नियम 8 (6) का प्रावधान देखें]
अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय की सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।
सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्जदार(रों) एवं ज़मानतदार(रों) को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपति संरक्षित ऋणदाता केपास बंधक/ अधिभारित है। उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

क्र. सं.	कर्ज़दार(रों)/सह-कर्ज़दार(रों)/ज़मानतदार(रों) के नाम/ऋण खाता संख्या	प्रत्याभूत आस्तियों का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई है	बकाया राशि (रु. में)	सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में)	संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	ई-नीलामी की तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	शैलेन्द्र तोमर (कर्ज़दार), निधि तोमर (सह-आवेदक) ऋण खाता संख्या TBIND00006407128 TBIND00006557446 LBIND00006413046	संपत्ति 1. प्लॉट नंबर डी-21, चिनार वैली कॉलोनी, पार्ट -1, पीएच नंबर 4, गाँव भाटखेड़ी, तहसील महू, मध्य प्रदेश, इंदौर- 452001। प्लॉट का क्षेत्रफल- 453 वर्ग फीट यानी 42.10 वर्ग मीटर है।	रु. 57,28,940/- (06 अक्टूबर, 2026 तक)	रु. 24,00,000/- / रु. 2,40,000/-	अक्टूबर 27, 2026 को सु. 11:00 बजे से सु. 11:30 बजे तक	नवंबर 16, 2026 को सु. 11:30 बजे से दोप. 12:30 बजे तक
		संपत्ति 2. प्लॉट नंबर डी-22, चिनार वैली कॉलोनी, पार्ट-1, पीएच नंबर 4, गाँव भाटखेड़ी, तहसील महू, मध्य प्रदेश, इंदौर- प्लॉट का क्षेत्रफल- 453 वर्ग फीट यानी 42.10 वर्ग मीटर है।		रु. 24,00,000/- / रु. 2,40,000/-	अक्टूबर 27, 2026 को सु. 11:00 बजे से सु. 11:30 बजे तक	नवंबर 16, 2026 को दोप. 01:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था वैल्यूट्रस्ट कैपिटल सर्विसेज़ प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट (https://BidDeal.in) पर संचालित होगी। बंधककर्ताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को नवंबर 13, 2026 को शाम 04:00 बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस/इन संरक्षित संपत्ति(यों) की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।
संभावित बोलीकर्ता(ओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) जो आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, आंचलिक कार्यालय 4, छोटी खजरानी मालव परिसर, ए.बी. रोड, इंदौर- 452008 में नवंबर 13, 2026 तक शाम 03:00 बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज (छायाप्रति) नवंबर 13, 2026 तक शाम 04:00 बजे से पूर्व जमा करें। यदि संभावित बोलीकर्ता(ओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहते हैं, तो वे आईसीआईसीआईबैंक लिमिटेड, आंचलिक कार्यालय 4, छोटी खजरानी मालव परिसर, ए.बी. रोड, इंदौर-452008 में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को नवंबर 13, 2026 को शाम 05:00 बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की इंदौर शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए।
संपत्ति निरीक्षण, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया आईसीआईसीआई बैंक कर्मचारी के फ़ोन नंबर 9425815565 पर संपर्क करें।
प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा व बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।
बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट www.icicibank.com/n4p4s पर संपर्क करें।

तिथि : अक्टूबर 08, 2026
स्थान : इंदौर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

हिन्दुजा हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड
HINDUJA HOUSING FINANCE
कार्पोरेट कार्यालय: 167-169, द्वितीय तल, लिटिल माउंट मेट्रो स्टेशन, साईपेठ, चेन्नई- 600015
क्षेत्रीय कार्यालय - ऑफिस संख्या 153, पहली मंजिल, ऑर्बिट मॉल, विजय नगर, इंदौर, मध्य प्रदेश - 452010
Email - auction@hindujahousingfinance.com

परिशिष्ट IV कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति हेतु)

जहां तक अधोहस्ताक्षरी के अधिकृत अधिकारी होने के नाते हिन्दुआ हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (HHFL) के प्राधिकत अधिकारी और वित्तीय परिसंपत्तियो के पुनर्निर्माण और सुरक्षा इंट्रेस्ट एक्ट 2002 के प्रव्रतन के तहत और सेक्शन 13(12) के तहत (प्रदत्त) शक्तियों के प्रयोग में सुरक्षा इंटरेस्ट (प्रव्रतन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पढ़ा जाता है | उधारक्रताओं को कंपनी के प्राधिकत अधिकारी द्वारा जारी किए गए नोटिस उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उललेखित राशि को चुकाने के लिए नीचे दिए गए निर्देशों का उल्लेख किया गया है उधारक्रता राषि को चुकाने में विफल रहा है, इस बात की जानकारी उधारक्रताओं, गारंटरो और आम जनता को दी गई है कि अधोहस्ताक्षरी ने संपत्ति के अधिकार में नीचे व्रणित संपत्ति का अधिग्रहण कर लिया है, जो उस पर प्रदान की गई शक्तियों के खंड (4) के अधीन है। उक्त अधिनियम के 13 सुरक्षा SEC प्रव्रतन नियम 2002 के सह नियम (8) के साथ पढ़े जाते हैं। आम तौर पर जनता को इस बात के सावधान किया जाता है कि उधारक्रता संपत्ति का सौदा न करें और संपत्ति के साथ किसी भी सौदे के लिए एचएफएल के बदलाव का विषय होगा | राशि के अनुसार ब्याज के साथ यहां उल्लेख किया है।

नाम और पता उधारकर्ता गारंटर/सहउधारकर्ता	डिमांड नोटिस तिथि देय राशि	सुरक्षित संपत्ति का विवरण	कब्जा तारीख एवं प्रकार
MP/MAN/MASR/A000000555 श्री मदनलाल खारोल श्रीमती राजू बाई	14-06-2025 Rs. 696122/-	मकान पंजी नंबर 206, पटवारी हल्का नंबर 09, ग्राम माल्या, ग्राम पंचायत के पास, आलोट, मध्य प्रदेश, भारत - 457118	01/10/2026 Physical
MP/MAN/MASR/A000001128 श्री कमल सिंह श्रीमती भंवर बाई गुर्जर	14-10-2025 Rs. 5,03,271/-	ड्रोन सर्वेक्षण प्लॉट संख्या 162, खसरा संख्या 86, पीएच नंबर 04, गाँव - बरखेड़ा खुर्द, नागदेवता मंदिर के पास, एक प्लॉट, मध्य प्रदेश, ग्रामीण, एक प्लॉट, मध्य प्रदेश, भारत - 457118 माप क्षेत्र - कुल क्षेत्रफल = 864 वर्ग फुट। सीमा - पूर्व: रामकुंवर बाई, पश्चिम: पर्वता बाई, उत्तर: पर्वता बाई, दक्षिण: आम सड़क	01/10/2026 Physical
MP/UJJ/AGAR/A000000324 श्री विष्णु प्रसाद दांगी श्रीमती रतन बाई दांगी	18-08-2025 Rs. 719494/-	खसरा नंबर 371/2/1, ग्राम - गुराड़िया सोयत, तहसील - सुसनेर और जिला - आगर मालवा म.प्र., राम मंदिर पास, ग्रामीण, आगर मालवा, मध्य प्रदेश, भारत - 465449 पर निर्मित मकान	05/10/2026 Physical
MP/UJJ/AGAR/A000000167 श्री लाखन सिंह सोंधिया श्रीमती सुगन बाई श्री उमराव सिंह सोंधिया	13/11/2025 Rs. 5,97,444/-	ग्राम भवानीपुरा, ग्राम पंचायत गणेशपुरा, तहसील सुसनेर, जिला आगर-मालवा, मध्य प्रदेश में स्थित एक आवासीय मकान क्रमांक 39, पीएच नंबर 24 कुल क्षेत्रफल 4060 वर्ग फुट या 377.32 वर्ग मीटर। ग्राम - भवानीपुरा ग्रामीण, सुसनेर, मध्य प्रदेश, भारत - 465447 माप क्षेत्र - कुल क्षेत्रफल 4060 वर्ग फुट या 377.32 वर्ग मीटर। सीमा - पूर्व: अर्जुन सिंह का घर, पश्चिम: आम सड़क, उत्तर: गली, दक्षिण: मेहरवान का घर।	06/10/2026 Physical

उधारकर्ताओं / जमानतदारों को स्टेटमेंट नोटिस द्वारा सावधानी पूर्वक कहा जाता है कि संपत्ति को किसी भी समय सार्वजनिक नीलामी / निविदाओं के माध्यम से बेंचा जा सकता है और इस तरह इसे सुरक्षा (बयाज) प्रवर्तन नियम 2002 नियम 6, 8 और 9 के तहत एक नोटिस के रूप में भी माना जा सकता है। प्राधिकारी अधिकारी मोबाईल नं.- Vaibhav Shrivastav - 7987969803, Dharamveer Yadav - 82694 20174, Shivam Sharma - 75099 99827, Devanshu Tripathi - 8445634447
दिनांक - 08/10/2026
प्राधिकृत अधिकारी, हिन्दूजा हाऊसिंग, फायनेंस लिमिटेड

कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर
(जनकार्य विभाग)
ई-मेल: jankarya.vibhag2023@gmail.com, फोन : 7440440233
निविदा विज्ञप्ति क्र.: 87/सिविल/26-27/ग्रुप नं-01 से ग्रुप नं-10 तक
निविदा आमंत्रण
दिनांक: 01.10.2026

केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से (MPUADD Road & Bridge SOR, DATE 08-11-2025/NON SOR/ BUILDING SOR DATE-02-08-2021 पर आधारित) ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

ग्रुप क्र.	टेंडर क्र.	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी.	निविदा क्रय करने एवं खोलने की अंतिम तिथि
01	2026_UAD_540091_1	झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 75 के अन्तर्गत नायता मुण्डला मस्जिद से पटेल इलेक्ट्रानिक्स बायपास तक क्षतिग्रस्त रोड का सिमेन्टीकरण करना। (पार्षद निधि) (द्वितीय आमंत्रण)	120 दिवस ₹15,99,318/-	₹2,000/- ₹12,000/-	16-10-2026 6.00 PM 19-10-2026
02	2026_UAD_540092_1	झोन क्र. 11 वार्ड क्र. 55 के अन्तर्गत साउथ तुकोगंज में विशाल अपार्टमेन्ट से हाईकोर्ट तक सड़क का सीमेन्ट कांक्रीट करना। (तृतीय आमंत्रण)	120 दिवस ₹18,06,119/-	₹2,000/- ₹13,600/-	16-10-2026 6.00 PM 19-10-2026
03	2026_UAD_540093_1	झोन क्र. 20 वार्ड क्र. 05 के अन्तर्गत मकान नं. 196 रामानंद नगर से देवा अटाले वाले की दुकान तक क्षतिग्रस्त सड़क का सीमेन्ट कांक्रीट करना। (पार्षद निधि) (द्वितीय आमंत्रण)	90 दिवस ₹9,02,249/-	₹2,000/- ₹9,100/-	16-10-2026 6.00 PM 19-10-2026
04	2026_UAD_540094_1	झोन क्र. 09 वार्ड क्र. 47 के अन्तर्गत न्यू देवास रोड आकाश वर्मा के घर के सामने से होते हुए चारभुजा मिष्ठान के पीछे वाली विभिन्न गलियों में क्षतिग्रस्त सड़क के स्थान पर नवीन सड़क का निर्माण करना।	90 दिवस ₹4,55,756/-	₹2,000/- ₹4,600/-	16-10-2026 6.00 PM 19-10-2026
05	2026_UAD_540095_1	झोन क्र. 01 वार्ड क्र. 07 के अन्तर्गत राधा नगर, महावीर बाग, अग्रसेन नगर एवं अन्य स्थानों पर क्षतिग्रस्त बाउण्ड्रीवाल का निर्माण करना। (पार्षद निधि) (द्वितीय आमंत्रण)	90 दिवस ₹8,36,707/-	₹2,000/- ₹8,400/-	16-10-2026 6.00 PM 19-10-2026
06	2026_UAD_540096_1	झोन क्र. 07 वार्ड क्र. 29 के अन्तर्गत विजय नगर के विभिन्न स्थानों पर सीमेन्ट कांक्रीट पेंचवर्क करना। (पार्षद निधि) (द्वितीय आमंत्रण)	180 दिवस ₹20,88,803/-	₹5,000/- ₹15,700/-	16-10-2026 6.00 PM 19-10-2026
07	2026_UAD_540097_1	झोन क्र. 12 वार्ड क्र. 59 के अन्तर्गत गौतमपुरा स्कूल क्र. 52 एवं बालक छात्रावास की छत पर शेड लगाना एवं अन्य आवश्यक सिविल कार्य करना। (द्वितीय आमंत्रण)	180 दिवस ₹29,61,034/-	₹5,000/- ₹22,300/-	16-10-2026 6.00 PM 19-10-2026
08	2026_UAD_540098_1	झोन क्र. 11 वार्ड क्र. 48 के अन्तर्गत रसगुल्ले वाला गीता भवन से पंचरत्न अपार्टमेन्ट मनोरमागंज तक क्षतिग्रस्त सड़क के स्थान पर नवीन सड़क का निर्माण कार्य करना। (तृतीय आमंत्रण)	180 दिवस ₹30,42,997/-	₹5,000/- ₹22,900/-	16-10-2026 6.00 PM 19-10-2026
09	2026_UAD_540099_1	झोन क्र. 03 वार्ड क्र. 58 के अन्तर्गत शा.प्रा.मा. विद्यालय जूना पीठा के क्षतिग्रस्त भवन के स्थान पर नवीन शाला भवन का निर्माण करना। (दसवा आमंत्रण)	240 दिवस ₹1,29,81,250/-	₹12,500/- ₹65,000/-	16-10-2026 6.00 PM 19-10-2026
10	2026_UAD_540100_1	झोन क्र. 07 वार्ड क्र. 29 के अन्तर्गत कृष्णा डेरी से ए.जी. 152 तक ध्वस्त सड़क के स्थान पर मुख्य मार्ग से लेवल मेन्टेन करते हुए सड़क का सिमेन्टीकरण करना। (द्वितीय आमंत्रण)	240 दिवस ₹1,12,39,513/-	₹12,500/- ₹56,200/-	16-10-2026 6.00 PM 19-10-2026

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

कार्यपालन यंत्री
(जनकार्य विभाग)
नगर पालिक निगम, इन्दौर

Bank of India
रिश्तों की जमापूंजी
Relationship beyond banking
आंचलिक कार्यालय: स्टार हाउस, प्लॉट 9-आरसी, स्कीम नं. 134, एम. आर. 10, स्टार चौराहे के पास, इन्दौर 452010
फोन 0731 2445122-117-147
अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना

ई-नीलामी विक्रय सूचना
प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन, हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना

आल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना आम लोगों को और विशेष रुप से उधार लेने वाले/जमानतदारों को यह नोटिस दिया जाता है कि निम्न वर्णित सारणी के कॉलम 3 में उल्लिखित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार (बैंक ऑफ इंडिया) के पास गिरवी / प्रभारित है, जिसका सांकेतिक/भौतिक कब्जा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहां है ,जैसा है और जो कुछ भी है '' के आधार पर निम्नलिखित तालिका के कॉलम 2 में उल्लिखित ऋणी एवं जमानतदारों से बैंक ऑफ इंड़िया (प्रतिभूत लेनदार) की निम्नलिखित तालिका के कॉलम 4 में उल्लिखित राशि की वसूली हेतु दिनांक 27.10.2026 को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं जमा योग्य अग्रिम धनराशि तालिका के कॉलम 6 व 7 में क्रमश: दी गई है।

ई-नीलामी दिनांक 27.10.2026 को प्रात: 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक

शाखा का नाम (1)	ऋणी / जमानतदार का नाम (2)	संपत्ती का विवरण व स्वामी का नाम (3)	मांग सूचना 13(2) के तहत मांग नोटिस दिनांक व बकाया राशि (4)	आधिपत्य की दिनांक व प्रकार (5)	आरक्षित राशि (रू.) (6)	ईएमडी (7)
शाखा देवास	1. मेसर्स केशव रोडलाइन्स, प्रोपराईटर- श्री शैलेन्द्र सांगटे, (उधारकर्ता) 2. श्री शैलेन्द्र सांगटे पिता श्री शांतिलालजी सांगटे,	आवासीय मकान नगर निगम प्लॉट नंबर 62 (नया नं. 69/2 पाईकी), मोहल्ला भवानी सागर, देवास सीनियर (वार्ड नं. 27, सरल नं. 06) जिला- देवास म.प्र., क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): प्लॉट क्षेत्रफल- 666 वर्ग फुट. (61.89 वर्ग मीटर), चतुर्सीमा: पूर्व: सड़क, पश्चिम: श्यामाबाई के मकान नंबर 69/2 पैकी का हिस्सा, उत्तर: सरकारी गली, दक्षिण: मिश्रीलाल जी का घर	21.09.2024 ₹17,21,013.10 + ब्याज एवं अन्य खर्च	11.12.2024 सांकेतिक	₹ 17.00 लाख	₹ 1.70 लाख
शाखा स्नेह नगर	श्री महेंद्र सोनी पिता श्री राधेश्याम सोनी (उधारकर्ता - बंधककर्ता), पता : फ्लेट नं. 204, शिवकिरण एवेन्यू, प्लॉट नं. 68, राम रहीम कॉलोनी, ग्राम- राउ, तहसील व जिला इंदौर (म.प्र.)	साम्यिक बंधक रहवासी संपत्ति फ्लेट नं. 204 शिवकिरण एवेन्यू, 68, राम रहीम कॉलोनी, - तहसील राउ एवं जिला इंदौर (म.प्र.) में स्थित, संपत्ति मालिक : श्री महेंद्र सोनी पिता श्री राधेश्याम सोनी, क्षेत्रफल 687 वर्ग फीट, चतुर्सीमा : पूर्व : फ्लेट नं. 201, पश्चिम: फ्लेट नं. 206, उत्तर : अन्य प्लॉट, दक्षिण: कॉमन पैसेज	27.12.2023 ₹10,86,350.00 + ब्याज एवं अन्य खर्च	17.05.2024 सांकेतिक 20.12.2024 भौतिक	₹ 9.70 लाख	₹ 0.97 लाख
शाखा: रामचंद्र नगर	श्री हनीश पवन अजमेरा (उधारकर्ता) श्रीमती कुसुमलता पवन अजमेरा (जमानतदार/बंधककर्ता), पता: प्लॉट नंबर 88 गांधी नगर सी स्पेशल, बड़ा बांगड़दा, गांधी नगर, इंदौर, म.प्र.	संपत्ति मालिक का नाम - श्रीमती कुसुमलता पवन अजमेरा, आवासीय संपत्ति के समस्त भू भाग व अंश प्लॉट नम्बर 88, गांधी नगर सी स्पेशल, बड़ा बांगड़दा, गांधी नगर, इंदौर, म. प्र., क्षेत्रफल 1800 वर्ग फीट, संपत्ति मालिक: श्रीमती कुसुमलता पवन अजमेरा (जमानतदार), चतुर्सीमा: पूर्व: स्वीपर लाइन, पश्चिम: सड़क, उत्तर: प्लॉट नम्बर 89, दक्षिण: प्लॉट नम्बर 87	25.07.2023 ₹5,66,268.67 + ब्याज एवं अन्य खर्च	28.09.2023 सांकेतिक	₹ 75.50 लाख	₹ 7.55 लाख

क्रेता के द्वारा स्टाम्प शुल्क, बिक्री प्रमाण पत्र शुल्क, पंजीकरण शुल्क, टी.डी.एस. सरकार को देय सभी वैधानिक बकाया, कर और दरों और संपत्तियों से संबंधित कोई अन्य खर्च, मौजूदा और भविष्य, दोनों के लिए देय होगा। बिक्री प्रमाण पत्र केवल सफल बोलीदाता के नाम से ही जारी किया जाएगा।
ई-नीलामी सेवा प्रदाता की वेबसाईट https://baanknet.com बोलीकर्ता https://baanknet.com, नियम व शर्तो की अधिक जानकारी हेतु शैक्षणिक वीडियो के साथ देख सकते है। बोलीकर्ता को पूर्व में ही बोली पंजीयन की सभी औपचारिकताएं पूर्ण करना अनिवार्य है। नीलामी से संबंधित सभी जानकारी ई-नीलामी दिनांक से पहले ही प्राप्त कर लेने की सभी जवाबदारी बोलीकर्ता की रहेगी।
ए. सफल बोलीकर्ता को घोषणा के तुरंत बाद बिक्री मूल्य का 25% (पहले से भुगतान की गई ईएमडी घटाकर) जमा करना होगा।
बी. नीलामी- बिक्री की कार्यवाही में बैंकिंग लेनदेन का समय समाप्त होने के पश्चात, खरीद मूल्य का 25% (पहले से भुगतान की गई ईएमडी घटाकर) अगले कार्य दिवस तक जमा कराना होगा।
सी. बिक्री मूल्य की शेष राशि का भुगतान बिक्री की दिनांक से 15 वें (पंद्रहवें) दिन के भीतर जमा किया जाना होगा।
डी. उपर उल्लिखित अवधि के भीतर भुगतान न करने पर, जमा और बयाना राशि जब्त कर ली जाएगी और संपत्ति को फिर से बेच दिया जाएगा।
इ. सफल बोलीकर्ता की यह जिम्मेदारी होगी की आयकर अधिनियम की धारा 194-IA के तहत लागू 1% की दर से टीडीएस जमा करना होगा, यदि इस तरह के प्रतिफल के लिए जमा या भुगतान की गई राशि का योग रु. 50 लाख या अधिक है। टीडीएस को फार्म 26QB आनलाईन भरकर जमा कराना होगा और टीडीएस सर्टिफिकेट फार्म 16B में जारी करना होगा। खरीदार को सरकारी खाते मे आयकर जमा करने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
एफ. बोली केवल ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत की जाएगी।
जी. प्राधिकृत अधिकारी का उक्त ई-नीलामी को बिना किसी कारण बताए रद्द करने का सर्वाधिकार सुरक्षित रहेगा।
एच. आरक्षित मूल्य से कम से कम एक वृद्धि राशि जोडने पर ही बोली स्वीकार होगी।
दिनांक : 07.10.2026, स्थान: इन्दौर
प्राधिकृत अधिकारी: बैंक ऑफ इंडिया